''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 124, पेज 8, सोमवार, 5 मई, 2025 samachargate@gmail.com

पेज—03



# मुख्यमंत्री सैनी ने एनआईटी विधानसभा को दी करोडों रुपये के विकास परियोजनाओं का तोहफा

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्रवासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने गांवों की कच्ची फिरनियों को पक्का करने, वार्ड नंबर- 10 में डिस्पेन्सरी का नवीनीकरण, गांव पांवटा तथा खेड़ी गुजरान में नए उप स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण करने की घोषणा की। उन्होंने डबुआ मंडी में पोवी कवर शेड के निर्माण के लिए 85 लाख रुपये की घोषणा की।



**मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं आज फरीदाबाद एन.आई.टी. में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए की।**

मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद और गुरुग्राम को हरियाणा के कॉमर्शियल हब बताते हुए कहा कि सरकार इन दोनों शहरों को मैट्रो से जोड़ने पर विचार कर रही है और जल्द ही इस परियोजना को धरातल पर उतारा जाएगा। इससे इन दोनों शहरों में देश-विदेश के उद्यमी निवेश के लिए आकृषित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। जो कहा है वो करेंगे। हमारी नीति, नीयत और नेतृत्व तीनों स्पष्ट है। हमारा लक्ष्य है, पूरे हरियाणा का संतुलित विकास करना और इस मार्ग पर हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब से बीजेपी को हरियाणा की सेवा करने का अवसर मिला, तबसे सरकार ने फरीदाबाद को दोबारा व्यापार और इंडस्ट्री के नाते आगे ले जाने का काम शुरू किया है। बदरपुर-फरीदाबाद मैट्रो लिंक के शुरू होने से फरीदाबाद में आर्थिक गतिविधियों व व्यापार को नई दिशा मिली है। देश-विदेश की नई-नई कम्पनियां यहां निवेश करने के लिए आकर्षित हो रही हैं। यह मैट्रो लिंक फरीदाबाद के औद्योगिक विकास में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने विधानसभा चुनावों के दौरान घोषित किए अपने 217 संकल्पों में से 19 संकल्पों को तो 100 दिन के अंदर अंदर ही पूरा कर दिया और यही नहीं 90 संकल्पों को इसी साल पूरा करेंगे। इन पर हम तेज गति से काम कर रहे है। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज एफएमडीए की बैठक में फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्रवासियों की लंबे समय से शुद्ध पेयजल की मांग को पूरा करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने बैठक में कुल 525 करोड रुपए की राशि मंजूर की है, उसमें से 253 करोड़ रुपए पेयजल, सीवरेज परियोजनाओं के लिए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि साधारण परिवार से आने वाले श्री नायब सिंह सैनी आज हरियाणा की बागडोर संभाल रहे हैं और अंत्योदय के सपने को लेकर काम कर रहे हैं। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने जन आभार रैली को संबोधित करते हुए कहा कि फरीदाबाद के विकास के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुँचाने के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज करोड़ों रुपये का बजट देकर फरीदाबाद के विकास को गति देने का काम किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से एनआइटी के विकास के लिए सभी मांगों को पूरा करने के लिए आभार व्यक्त किया। प्रदेश के राज्यमंत्री श्री राजेश नागर ने कहा मुख्यमंत्री के फरीदाबाद आगमन पर स्वागत करते हुए कहा की प्रदेश के मुखिया श्री नायब सिंह सैनी का दिल और कार्यकाल के दरवाजे हरियाणा की जनता के लिए सदेव खुले रहते है। विधायक श्री सतीश फागना ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि जनसेवा की जीवंत मिसाल है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि यदि इरादे मजबूत हों और दृष्टि साफ हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आज हरियाणा नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को न सिर्फ अपनाया बल्कि जमीन पर उतारा भी है और ये जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इस मौके पर विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

## पीजी सेंट्रल पार्क में योग और जुम्बा सत्र का आयोजन

समाचार गेट/संजय शर्मा



**फरीदाबाद।** लायंस क्लब फरीदाबाद ग्रेटर यूथ और बीट्ज अकादमी ने पीजी सेंट्रल पार्क में एक सफल योग और जुम्बा सत्र का आयोजन किया। इस आयोजन में बीट्ज अकादमी के प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को ऊर्जा से भरपूर अभ्यास कराए। योग प्रशिक्षक मीनेश और जुम्बा प्रशिक्षक प्रीति एवं सनो ने प्रतिभागियों को न केवल योग और जुम्बा के लाभों से अवगत कराया, बल्कि उन्हें ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया और अपने दिन की शुरूआत ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ की। लायंस क्लब फरीदाबाद ग्रेटर यूथ के अध्यक्ष मुकेश जैन, सचिव राम शर्मा, उपाध्यक्ष सोनिया मेहता और चार्टर्ड अध्यक्ष ललित मोहन ने सभी प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया। लायंस क्लब फरीदाबाद ग्रेटर यूथ भविष्य में भी ऐसे आयोजन करता रहेगा, जो सामुदायिक कल्याण और स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। हमें विश्वास है कि ऐसे आयोजन हमारे समाज को स्वस्थ और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# एफएमडीए को 773.24 करोड़ रुपये के बजट को दी मंजूरी

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि फरीदाबाद में जलापूर्ति बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक बुनियादी ढांचे की स्थापना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मिर्जापुर जोन में सीवरेज संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 20 एमएलडी का नया एसटीपी भी बनाया जाए।

मुख्यमंत्री ने यह बात आज फरीदाबाद में आयोजित फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) की छठी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक के दौरान बुनियादी ढांचे और नागरिक सुधार की गति को तेज करने के लिए लगभग 773.24 करोड़ रुपये के विकास बजट को मंजूरी दी गई। बैठक में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल, उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री श्री राजेश नागर, बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री मूलचंद शर्मा, एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सतीश फागना, बडखल विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री धनेश अदलखा व फरीदाबाद के मेयर प्रवीण बत्रा जोशी भी मौजूद रहे।




हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी फरीदाबाद में फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण की छठी बैठक की अध्यक्षता करते हुए। साथ में हैं केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल। (04.05.2025)

**एनआईटी और बड़खल विधानसभा क्षेत्रों में जलापूर्ति क्षमता में होगी वृद्धि**

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को बताया कि मौजूदा जलापूर्ति और वर्ष 2040 की संभावित जलापूर्ति मांग के बीच के अंतर को पूरा करने के लिए मास्टर डेवलपमेंट प्लान 2031 के अनुसार जलापूर्ति बढ़ाने के लिए 2174 करोड़ रुपये की राशि का प्रस्ताव पांचवीं बैठक में मंजूरी मिलने के बाद वित्तीय सहायता के लिए एनसीआरपीबी को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। एफएमडीए एनआईटी और बड़खल विधानसभा क्षेत्रों के अंतिम छोर के क्षेत्रों में जलापूर्ति बढ़ाने के लिए इंटरमीडिएट बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण के लिए फरीदाबाद नगर निगम के अंतर्गत गांव बजरी/गाजीपुर में 5 एकड़ भूमि टेकर ओवर करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे बैठक में मंजूरी दी गई।

**मिर्जापुर में नए 20 एमएलडी एसटीपी निर्माण को मंजूरी**

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि मिजार्पुर जोन में मौजूदा एसटीपी की वर्तमान क्षमता 80 एमएलडी है। इसे वर्ष 2031 के डेवलपमेंट प्लान के अनुसार 107 एमएलडी के रूप में विकसित किया जाना है। सीवरेज ट्रीटमेंट के इस अंतर को पूरा करने के लिए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मानकों के अनुसार एसबीआर तकनीक पर एफएमडीए द्वारा 57.30 करोड़ रुपये की लागत से 20 एमएलडी एसटीपी के निर्माण का प्रस्ताव बैठक में रखा गया, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई।

**माइक्रो एसटीपी लगाने को मंजूरी, पार्कों व इंडस्ट्री में उपचारित जल के पुनः उपयोग पर जोर**

बैठक में उपलब्ध ताजे जल संसाधनों और ग्राउंड वाटर क्षमता के संरक्षण के लिए एफएमडीए 234 पार्कों और 24 सेक्टरों में फैले 349 एकड़ से अधिक ग्रीन बेल्ट एरिया में उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

**यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र में भूजल रिचार्ज वाटर बॉडी बनाने का प्रस्ताव मंजूर**

बैठक में यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र में भूजल रिचार्ज वाटर बॉडी बनाने का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें गांव नंगला माजरा चांदपुर की राजस्व संपदा में 20 एकड़ भूमि पर जल निकाय के निर्माण को मंजूरी दी गई, जिसका उपयोग भूजल रिचार्ज के लिए किया जाएगा। इसके अलावा एफएमडीए भारत सरकार की अमृत सरोवर योजना के तहत यमुना नदी के किनारे 50 गांवों में नए तालाब बनाने के लिए आवश्यकता पड़ने पर विकास एवं पंचायत विभाग को वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगा। इस दौरान बुढिया नाला में भी ग्राउंड वाटर रिचार्ज करने के विषय पर मंथन किया गया।

**पब्लिक फीडबैक से अधिकारियों की रेटिंग होगी तय**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सीवरेज व रिपेयर संबंधी कार्यों के लिए एसओपी बनाने के निर्देश दिए। इससे यह तय होगा कि कौन से विभाग की क्या जिम्मेदारी रहेगी। इसके साथ ही पब्लिक से फीडबैक लेकर अधिकारियों की रेटिंग की जाएगी। जिन अधिकारियों की कार्यप्रणाली संतोषजनक नहीं पाई जाएगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**क्वालिटी व टाइमलाइन के साथ**

## हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने एल.बी शास्त्री पाठशाला क्रिकेट अकादमी (भोपाल) को 8 विकेट से हराया

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** एक्स अंडीफिटेड आर्मी 8ई ऑल इंडिया रविंद्र फागना व-17 डेझनाइट क्रिकेट टूनर्मेट 2025, रविंद्र फागना क्रिकेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया यह मैच हरियाणा क्रिकेट अकादमी ओर एल.बी शास्त्री पाठशाला क्रिकेट अकादमी (भोपाल) बीच खेला गया। इस मैच में हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने एल.बी शास्त्री पाठशाला क्रिकेट अकादमी (भोपाल) को 8 विकेट से हराया, यह मैच 30 ओवर का था और एल.बी शास्त्री पाठशाला क्रिकेट अकादमी (भोपाल) पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एल.बी शास्त्री पाठशाला क्रिकेट अकादमी (भोपाल) की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 30 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 223 रन का लक्ष्य दिया। एल.बी शास्त्री पाठशाला क्रिकेट अकादमी (भोपाल) अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए यथार्थ सिंह ने 66 गेंदों पर 14 चौके, 6 छक्के की मदद से 121 रन और श्रीजन रावत ने 52 गेंदों पर 3 चौके, 1 छक्के की मदद से 37 रन बनाए। हरियाणा क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए निर्भय डागर ने 6 ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट, लव बुधवार,द्वीप और अक्षय शर्मा ने 1झ1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने 26.5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 226 रन बनाकर जीत हासिल की।




हरियाणा क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते अक्षय शर्मा ने 56 गेंद पर 9 चौके, 2 छक्के की मदद से 70 रन, अंशुल ने 41 गेंदों पर 6 चौके, 5 छक्के की मदद 67 रन बनाएं। एल.बी शास्त्री पाठशाला क्रिकेट अकादमी (भोपाल) की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंश जोशी ओर मयंक बाल्यान 1झ1 विकेट लिए।

मैन ऑफ द मैच अक्षय शर्मा फाइटर ऑफ द मैच यथार्थ सिंह को घोषित किया गया।

## मंत्री राजेश नागर के खुले दरबार में पहुंचे स्कूल संचालक

### एमआईएस पोर्टल नहीं खुलने से स्कूल संचालकों एवं अभिभावकों को हो रही परेशानी

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** मंत्री राजेश नागर के घर पर आयोजित खुले दरबार में आज स्कूल संचालक भी पहुंचे जिन्होंने एमआईएस पोर्टल ना चलने के कारण हो रही परेशानियों के बारे में ज्ञापन सौंपा। बल्लभगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने आज मंत्री राजेश नागर से कहा कि कुछ स्कूल संचालक आरटीई के तहत दी जाने वाली जानकारी शिक्षा विभाग के पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण जमा नहीं कर सके, जिसके कारण स्कूल मालिकों को शिक्षा विभाग ने नोटिस जारी कर उनके एमआईएस अकाउंट बंद कर दिए। इसके कारण स्कूल न तो नए एडमिशन ले पा रहे हैं और न ही बच्चों के स्थानांतरण प्रमाणपत्र जारी कर पा रहे हैं। संगठन के प्रतिनिधियों ने मंत्री राजेश नागर को बताया कि उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस के जवाब जमा कर दिए हैं लेकिन इसके बावजूद पोर्टल नहीं खोला गया है। जिसके कारण स्कूल संचालक और अभिभावक दोनों परेशान हैं। उनकी बात सुनकर मंत्री राजेश नागर ने शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा को फोन कर स्कूल संचालकों को राहत देने की बात कही। जिस पर शिक्षा मंत्री ने जल्द ही मामले का हल देने की बात कही। मंत्री राजेश नागर ने बताया कि उन्हें मिलने वाली हर समस्या का समाधान वह जल्द से जल्द देने का प्रयास करते हैं जिसमें हमारे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली का लाभ उन्हें मिल रहा है।



प्रदेश का प्रशासन शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनका हल देने का प्रयास कर रहा है। इसके अलावा दरबार में आईं अन्य समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बता दें कि हर रविवार को मंत्री राजेश नागर के निवास पर खुले दरबार का आयोजन होता है जिसमें लोग अपनी प्रशासनिक समस्याएं लेकर पहुंचते हैं और मंत्री यथासंभव उनका निराकरण करते हैं।

# समाज सेवा तप है,सबसे बड़ा धर्म है, सबसे बड़ा कर्म है- सीमा त्रिखा

**फरीदाबाद :** श्री तत्कालेश्वर शिव मंदिर मार्किट नंबर-5 में स्व.चन्दर प्रकाश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निशुल्क स्वास्थय जांच शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा मौजूद थी। इसके अलावा ट्रस्ट की चेयरपर्सन मोनिका मेहरा,अध्यक्ष अंजू मेहरा,महासचिव राकेश मेहरा,कोषाध्यक्ष मधु चावला,लालदास चावला,अमित कुमार वैष्णव,दिशा मेहरा,वृंदा चावला,पवन कुमार,संजय साहनी,भूषण हसीजा,पूर्व महापौर सुमन बाला मुख्य रूप से उपस्थित थे। स्वास्थय जांच शिविर का आयोजन डॉ0.ओपी भल्ला फाऊडेशन,बतरा अस्पताल व सेंटर फॉर साईट के सहयोग से किया गया जिसमे आंख,दांत,बीपी,मधुमेह,आक्सीजन जांच,साइकोलोजी,न्यूट्रीशन, डायट्रिक्स,हीमोगलोबिन, फिजियोथैरेपी व सामान्य जांच अनुभवी डाक्टरों द्वारा की गई। शिविर में 151 लोगों की जांच और 25 महिलाऔ की मैमोग्राफी की गई। इस मौके पर सीमा त्रिखा ने कहा कि ट्रस्ट के संस्थापक राकेश मेहरा की जितनी भी तारीफ की जाए वो कम है क्योंकि वह निस्वार्थ भावना से जरूरतमंद लोगों की सेवा और मदद कर रहे है। उन्होनें कहा कि समाज सेवा तप है,सबसे बड़ा धर्म है,सबसे बड़ा कर्म है। इसलिए जब भी समाज सेवा का मौका मिले उसे मन लगाकर करना चाहिए। इस अवसर पर महासचिव राकेश मेहरा ने कहा कि उनके पिता स्व.चन्दर प्रकाश मेहरा हमेशा दीन दुखियों की सेवा में सबसे आगे रहते थे उन्ही के पद चिन्हों पर चलते हुए उन्होंनें इस ट्रस्ट की स्थापना की है ताकि ज्यादा से ज्यादा गरीब लोगों तक मदद पहुंचाई जा सके। इस मौके पर ट्रस्ट की अध्यक्ष अंजू मेहरा,कोषाध्यक्ष मधु चावला ने कहा कि समाज के संपन्न लोगों को चाहिए की वे गरीबों की मदद करने में कभी पीछे ना हटें। इस मौके पर महेश बजाज, ओमप्रकाश बजाज, गुलशन सहगल, मुकेश मल्होत्रा, संदीप ग्रोवर, सतनाम सिंह मंगल, बंसीलाल कुकरेजा, अशोक कुमार गुप्ता, नवजीवन गौसांई, गुलशन बगा, परविन्द्र राजपाल, राजकुमार अरोड़ा व हरप्रीत सिंह हन्नी सहित कई लोग मौजूद थे।



## कांग्रेस संविधान की लड़ाई को मजबूती से लड़ रही है: लुकमान रमीज

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** एनआईटी फरीदाबाद में 'जन आभार रैली' के बहाने कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र की मोदी सरकार और बीजेपी पर जमकर निशाने साधे। कांग्रेस ने पहलगाम हमले को लेकर नायब सिंह सैनी सरकार और केन्द्र सरकार को भी घेरने का प्रयास किया।कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनोरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल से लुकमान रमीज ने पहलगाम हमले को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी की तरफ से राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर जाकर पहलगाम हमले के घायलों से मुलाकात और बातचीत की। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी न तो सर्वदलीय बैठक में पहुंचे और ना ही कश्मीर गए। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि देश सबसे पहले है। देशहित के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए। इस अवसर पर लुकमान रमीज ने कहा कि आज संविधान रक्षा की जिम्मेदारी हम सब की है। सबको इसके लिए आगे आना होगा। कांग्रेस संविधान की रक्षा की लड़ाई को जमीनी स्तर पर मजबूती से लड़ रही है। आज देश के हर एक आदमी को आगे आकर के संविधान को कांग्रेस के साथ मिलकर बचाना होगा।



# संपादकीय

## आतंकवाद पर अमेरिका का ढुलमुल रवैया

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले 26 से अधिक पर्यटक मारे गए। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने यह हमला ऐसे समय में किया जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स अपनी भारतीय मूल की पत्नी उषा और बच्चों के साथ भारत की यात्रा पर थे। इस हमले के पीछे पाकिस्तान का निहितार्थ इस यात्रा में विघ्न डाल कर कश्मीर के मुद्दे पर विश्व का ध्यान आकर्षित करना था। पाकिस्तान इस तरह के कुत्सित प्रयास पूर्व में भी कर चुका है। बेरोजगारी, भारी भरकम कर्जा और घरेलू आतंकवाद से त्रस्त पाकिस्तान ने इन समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए वेंस की यात्रा के दौरान हमला करवाने के समय का चुनाव किया। अमेरिका सहित विश्व के तकरीबन सभी देशों ने इस हमले की तीखी निंदा की। सवाल यही है कि क्या अमेरिका सिर्फ निंदा तक ही सीमित रहेगा। पूर्व में भी इसी तरह के पाक प्रायोजित हमले के दंश भारत झेलता रहा है। जब कभी भी ऐसे हमले हुए हैं, अमेरिका ने सिर्फ घड़ियाली आंसू ही बहाएं हैं। सही मायने में तो अमेरिका चाहता ही नहीं है कि पाकिस्तान पर ऐसी आतंकी वारदातों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करे। यही वजह है कि अन्य देशों की तरह अमेरिका भी सिर्फ सहानुभूति जता कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेता है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

अमेरिका बेशक इन हमलों के लिए सीधा जिम्मेदार नहीं हो, किन्तु पाकिस्तान के साथ उसके सैन्य रिश्ते कहीं न कहीं आतंकवाद को प्रोत्साहित करते नजर आते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अमेरिकी विशिष्ट व्यक्ति के भारत दौरे के दौरान आतंकी वारदात हुई है। 20 मार्च, 2000 की रात को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के चिट्टीसिंहपोरा गांव में 36 सिख ग्रामीणों का नरसंहार किया था। यह घटना अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की 21–25 मार्च की यात्रा से ठीक पहले हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने क्लिंटन के सामने हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने का मुद्दा उठाया था। उस समय क्लिंटन जयपुर और आगरा के दौरे पर थे, जबकि विदेश मंत्री मैडलिन अलब्राइट और उप विदेश मंत्री स्ट्रोब टैलबोट भारतीय अधिकारियों से बातचीत करने के लिए दिल्ली में ही थे। वर्ष 2002 में जब दक्षिण एशियाई मामलों को लेकर अमेरिकी असिस्टेंट सेक्रेटरी क्रिस्टीना बी रोका भारत की यात्रा पर थीं, तब 14 मई, 2002 को जम्मू-कश्मीर के कालूचक के पास एक आतंकवादी हमला हुआ। तीन आतंकवादियों ने मनाली से जम्मू जा रही हिमाचल रोडवेज की बस पर हमला किया और सात लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद आतंकी आर्मी क्वार्टर्स में घुस गए और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 10 बच्चों, आठ महिलाओं और पांच सैन्यकर्मियों सहित 23 लोग मारे गए। मारे गए बच्चों की उम्र चार से 10 साल के बीच थी और इस हमले में कुल 34 लोग घायल हुए थे। इन आतंकी हमलों से जाहिर है कि पाकपरस्त आतंकियों ने हमला करने के लिए ऐसे वक्त का चुनाव किया जबकि कोई न कोई प्रमुख अमेरिकी भारत यात्रा पर आया हो। आश्चर्य की बात यह है कि इन हमलों के बावजूद अमेरिका ने कभी पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की। कहने को अमेरिका भारत को महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताता है, किन्तु हकीकत में उसका उद्देश्य सिर्फ व्यवसायिक हित साधना भर रहा है। अमेरिका के व्यवसायिक हित सर्वोपरि हैं।

भारत के भारी विरोध के बावजूद अमेरिका ने पाकिस्तान को घातक एफ16 लड़ाकू विमानों की बिक्री की। इतना ही नहीं इनकी मरम्मत के नाम पर लाखों डालर की मदद भी अमेरिका करता रहा है। अमेरिका ने भारत के विरोध को नजरांदाज करते हुए यह सैन्य मदद दी। अमेरिका न सिर्फ भारत से दुश्मनी साधे हुए पाकिस्तान की हरसंभव मदद करता रहा है, बल्कि विदेशी धरती से भारत के खिलाफ साजिश करने वाले लोग और देशों का सहयोग भी करता रहा है। कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में अमेरिका ने कनाडा की पैरवी की। कनाडा फाइव आई का सदस्य है। फाइव आईज में कनाडा का अहम सहयोगी अमेरिका ने पिछले साल निज्जर हत्याकांड में भारतीय एजेंट्स की कथित संलिप्तता के कनाडा के आरोपों पर टिप्पणी की थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था कि हमने साफ कर दिया है कि कनाडा के आरोप बेहद ही गंभीर हैं जिन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। हम चाहते थे कि भारत कनाडा की जांच में सहयोग करे लकिन भारत सहयोग नहीं कर रहा। इसके बजाए भारत ने एक वैकल्पिक रास्ता चुना है। इतना ही नहीं अमरीकी से भारत को आतंकी कार्रवाई की धमकी देने वाले खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू एयर इंडिया की फ्लाइट को उड़ाने की धमकी दी। इस पर भी अमेरिका ने जानबूझ कर नकेल नहीं कसी। हाल ही में अमेरिका की ओर से जारी किए गए बयानों में भी यह साफ किया जा चुका है कि वह पाकिस्तान को भारत या अफगानिस्तान के नजरिए से नहीं देखता है। अमेरिका की ओर से कहा गया कि वह भारत, चीन, ईरान, अफगानिस्तान से सीमा साझा करने वाले परमाणु सशक्त पाकिस्तान को एक महत्वपूर्ण देश समझता है।

## पुलिस ने भैंस चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

समाचार गेट/सोनिका सूरा

सिवानी मंडी। जिला पुलिस भिवानी के द्वारा जिले में पशु चोरी करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है जो इसी क्रम में थाना सिवानी पुलिस ने भैंस चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दयानंद निवासी सिवानी ने थाना सिवानी पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि दिनांक 26.4.2025 की रात को चोर उनके घर में बंधी उनकी एक गाय को चोरी करके ले गए थे जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सिवानी में दर्ज किया था। दिनांक 02.05.2025 को अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना सिवानी के उप-निरीक्षक अमरजीत ने भैंस चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को सिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।


## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।


# कनीना में हादसों को बढ़ावा दे रहे दर्जनभर असमतल नाला क्रासिंग मार्ग

### लोक निर्माण विभाग की ओर से छह माह पूर्व स्टेट हाइवे के दोनों ओर बनाया गया था नाला

### बार-बार अवगत करवाने के बाद भी लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी मूंद रहे आखें



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना में महेंद्रगढ स्टेट हाइवे नम्बर 24 के दोनों ओर लोकनिर्माण विभाग की ओर से बीते छह माह पूर्व किए गए नाला निर्माण के बाद आमजन की मुश्किलें बढ गई हैं। इस नाले के निर्माण से बरसाती पानी से भले ही नागरिकों तथा वाहन चालकों को राहत मिलेगी लेकिन दूसरी ओर नगरपालिका प्रशासन द्वारा बनाए गए रास्ते नाले की भेंट चढ गए हैं। इस नाले का लेवल रास्तों के लेवल से उपर होने तथा क्रासिंग प्वाईट समतल न होने के कारण आए दिन दुर्घटनाओं को बढावा मिल रहा है। अटेली मोड से लेकर रेवाडी मोड टी-प्वाईट तक करीब दर्जनभर क्रासिंग रास्ते हैं जिनका कमोबेश यही हाल है। जहां से वाहन रेंगकर नाला पार कर पा रहे हैं। कहा जा रहा है कि नगरपालिका प्रशासन से बिना अनुमति लिए लोकनिर्माण विभाग ने आनन-फानन में नाला निर्माण के लिए जेसीबी मशीन से रास्ते तोडकर खुदाई कर डाली। नाला बनाने के बाद अब उन टूटे रास्तों को लोकनिर्माण विभाग ठीक नहीं करवा रहा है जिससे आमजन की समस्या बढी हुई है। वहां से गुजरने वाले चौपहिया वाहन नाले पर टिक रहे हैं। जिसे लेकर बार-बार अधिकारियों को अवगत करवाया गया है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। इस बारे में अधिवक्ता मनोज कुमार, वीरेंद सिंह, सत्यवीर जांगडा ने कहा कि लोकनिर्माण विभाग की ओर से नाले का निर्माण कार्य करते समय टूटने वाली सडकों को बनाने का आश्वासन दिया था। लेकिन अब उन टूटे तथा क्षतिग्रस्त मार्गों को दुरूस्त नहीं किया जा रहा। बस स्टैंड, एसडीएम कार्यालय, उप मंडल स्तरीय न्यायालय, गाहडा मोड, सिहोर रोड, रजत हीरो होंडा सहित विभिन्न दर्जनभर प्वाईटों पर तत्काल सडक मार्ग दुरूस्त किये जाने की आवश्यकता है। जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में नागरिक विभिन्न कार्यों से आते हैं।

इस बारे में नगरपालिका की चेयरपर्सन डॉ रिंपी लोढा ने कहा कि उनके चुनाव से पूर्व नाले का निर्माण कार्य करवाया गया था। नाला बनाते समय तोडे गए रास्तों को बनाना लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों की जिम्मेवारी थी।

**4 दिन में नाला क्रासिंग मार्ग होगें समतल**

लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अश्वनी कुमार ने कहा कि इस बारे में विभाग के जेई को मौका देखकर एस्टीमेट बनाने को कहा गया था। उसके बाद इन सभी क्रासिंग को सुविधाजनक बनाया जाना था। इस कार्य में जेई की ओर से लापरवाही बरती गई है। उन्होंने कहा कि आगामी 4 दिन में सभी क्रासिंग को दुरूस्त करवा दिया जाएगा। आमजन को परेशानी पेश नहीं आने दी जायेगी। नाले का बजट कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग के बजट में शामिल था।

# ककराला के किसान बागवानी की खेती कर कमा रहे हैं लाखों रुपए का मुनाफा

### केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ ले रहे किसान



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हितों को उपर उठाने के लिए क्रियान्वित की जा रही किसान कल्याणकारी योजनाओं से प्रेरित होकर कनीना सब डिवीजन के विभिन्न गावों के किसान जागरूक हुए हैं। जो कृषि एवं बागवानी विभाग के अधिकारियों से प्रशिक्षण लेकर कैश क्रॉप के माध्यम से लाखों रूपये का मुनाफा ले रहे हैं। इसी कडी में ककराला गांव के किसान किसान जगदीश पिछले करीब ढाई दशक से परंपरागत खेती छोडकर कैश क्रॉप कर रहा है। वह प्रतिवर्ष दो एकड़ में तरबूज, खरबूज, घीया,टमाटर, प्याज, पेठा व ककड़ी की खेती करता है। उन्होंने दो एकड़ में 35 हजार रूपये की लागत से कैश क्रॉप लगाई थी। जिस पर हरियाणा सरकार से 16 हजार रुपए का अनुदान मिला। हाल ही में दो दिन पूर्व हुई बरसात व ओलावृष्टि से सब्जी की फसल को नुकसान हुआ है। जगदीश कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने डेढ लाख रूपये की लागत से दो एकड़ रक्बे में सब्जी की फसल लगाई थी। जिस पर 4 लाख रुपये की आमदनी हुई थी। लेकिन इस बार ओलावृष्टि ने उनके सपनों पर पानी फेर दिया।

मुकेश देवी ने बताया कि वह सब्जी बेचकर ही आजीविका चलाते हैं। सबजि की फसल औलावृष्टि से खराब होने पर उनकी आमदनी पर संकट खडा हो गया है। किसान उदय सिंह ने बताया कि उन्होंने डेढ़ एकड़ रक्बे में प्याज, टमाटर, हरि मिर्च, घीया लगा रखी है। जिससे अच्छी आमदनी हो जाती है। इसका बीज हरियाणा सरकार की योजना अनुसार 50 फीसदी अनुदान पर मिला था। बरसात से फसल को नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि मंडी में ले जाते हैं तो बहुत कम भाव मिलता है जिसके चलते वे ऊंट रेहडी के माध्यम से गांव-गांव जाकर सबजि की बिक्री करते हैं। जिससे अच्छी कीमत मिल जाती है।

इस बारे में कृषि विभाग के एसडीओ डॉ अजय कुमार यदव ने बताया कि सरकार किसानों के बहुत संवेदनशील है। उन्हें रियायती दर पर खाद-बीज उपलब्ध करवाती है वहीं फसल लगाने पर सबसिडी भी दी जाती है। उन्होंने बताया कि उन्नत व प्रगतिशील किसान परंपरागत खेती छोडकर बागवानी व कैश क्रॉप की फसल अपनाने लगे हैं। जो किसानों के लिए अच्छी आमदनी का स्रोत है। फसल बिक्री होने से रोजाना आमदनी हो जाती है और उसे मुनाफा भी खूब होता है।

### सिवानी अनाज मंडी में किसानों की गेहूँ की खरीद सुचारु रूप से जारी

# अनाज मंडी में 15 मई तक होगी गेहूं की खरीद



समाचार गेट/सोनिका सूरा

सिवानी मंडी। सिवानी अनाज मंडी में रबी सीजन की फसलों की खरीद सरकार की हिदायतों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और सुव्यवस्था के साथ की जा रही है। मंडी में अब तक 256947 क्विंटल सरसों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। मार्केट कमेटी सिवानी के सचिव शिवकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार किसानों की उपज का समय पर और उचित मूल्य पर क्रय सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खरीदी गई सरसों में से अब तक 200820 क्विंटल का उठान (ट्रांसपोर्टेशन) किया जा चुका है, जिससे मंडी में व्यवस्था बनी हुई है और किसानों को कोई परेशानी नहीं हो रही है। सचिव ने आगे बताया कि सिवानी अनाज मंडी में गेहूँ की खरीद 15 मई तक जारी रहेगी। अब तक मंडी में 23565 क्विंटल गेहूँ की आवक हो चुकी है, जिसमें से 23050 क्विंटल गेहूँ की खरीद की जा चुकी है। इनमें से 21587 क्विंटल गेहूँ का उठान भी पूर्ण हो चुका है। मार्केट कमेटी द्वारा मंडी में सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिसमें छायादार स्थान, पेयजल, तौल कांटे, कंप्यूटराइज्ड पर्ची प्रणाली और निगरानी शामिल हैं। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए मंडी प्रशासन सतर्कता से कार्य कर रहा है।

## कम्पनी कमांडर बनकर हैकर्स ने सीमा सुरक्षा बल के जवान से ठगे 30 हजार

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना सब डिवीजन के गांव नोताना निवासी एव बीएसएफ के जवान नरेश कुमार को हैकर्स ने झांसे में देकर तीस हजार रूपये ठग लिए। इस बारे में प्रेम कुमार ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके ताउ का लडका नरेश कुमार सीमा सुरक्षा बल में नोकरी करता है। वह छुट्टी पूरी कर वापिस ड्यूटी पर लौट रहा था तो उसके पास कम्पनी कमांडर के हवाले से फोन आया ओर कहने लगा कि मैंने आपके यूपीआई खाते में 30 हजार रूपये भेजे हैं जिसका संदेश भी आपके पास भेज दिया है ये राशि मेरी बेटी के खाते में भेज दो। उन्होंने विश्वास कर उक्त राशि बताए गए नम्बर पर भेज दी। बाद उन्हें मालुम हुआ कि उनके साथ फ्रॉड हुआ है। प्रेम कुमार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात हैकर्स के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# विश्व रैड दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं को किया गया जागरूक

### वाहन चालते हुए सड़क सुरक्षा नियमों की पालना अवश्य ही करें : विश्राम कुमार मीणा



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह विश्राम कुमार मीणा के कुशल मार्गदर्शन एवं सचिव महेश गुप्ता की देखरेख में जिला रैड क्रॉस सोसाइटी ने आज शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण इंस्टीट्यूट मरोड़ा में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा एवं फर्स्ट एड विषयों पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें संस्थान के करीब 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। संस्थान के प्रिंसिपल सुधीर कुमार ने सेमिनार की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि जागरूकता से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है।

जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने इस सेमिनार में मुख्यत: सड़क सुरक्षा नियमों की पालना जैसे नाबालिग से वाहन ना चलवाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, आपातकाल वाहन को तुरंत रास्ता देने जागरूक किया। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय चालक के साथ बैठी सवारी को भी हेलमेट, सीट बेल्ट का अवस्य ही इस्तेमाल करना चाहिए। किसी भी दुर्घटना के दौरान घायल को मौके पर एंबुलेंस पहुंचने या अस्पताल पहुंचने तक उपयुक्त प्राथमिक सहायता, हार्ट अटैक, सिक्का निगलना, आगजनी के दौरान धुआं होने, बिजली का करंट लगने, पानी में डूबने, शरीर से बहुत खून बहने की स्तिथी में पीड़ित को ट्रांसपोर्ट करने, हार्ट के कार्य न करने तथा सांस न आने की अवस्था में जीवनदायिनी विधि सी.पी.आर. का प्रयोगात्मक तरीका समझाया।

इस सेमिनार के सफल आयोजन में जिला रैड क्रॉस सोसायटी नूंह से नरेश कुमार, स्वयं सेवक नितिन वर्मा, विनोद रघुवंशी, शाहिस्ता, आई टी आई से जो आई अजीत, अनिल कुमार, मनीष कुमार, चिंटूराम, शिव कुमार, रंजीत सिंह, रिजवान, विकास, तौफीक इकबाल का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की पालना हेतु शपथ दिलाई गई ताकि देश का भविष्य सशक्त एवं सुदृढ़ बन सके।

## दुकानदार के निधन के बाद कनीना में ऑटोमोबाइल की दुकानें रही बंद

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना में ऑटोमोबाइल एवं स्पेयर पार्टस दुकानदार लालमण का हृद्याघात से निधन हो गया। जिसके शोक स्वरूप शनिवार को कनीना में ऑटोमाबाइल एवं स्पेयर पार्टस की दुकानें बंद रही। इस बारे में सहदेव यादव ने बताया कि लालमण कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर पिछले लंबे से ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में काम कर रहा था। शुक्रवार रात्री के समय वह अपने घर गया था। सुबह उन्हें लालमण को हृद्याघात होने से निधन होने का संदेश मिला। ऑटोमोबाइल यूनियन की ओर से दुकानें बंद रखकर उनके निधन पर शोक जताया गया।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष और साहसिक पत्रकारिता से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव : उपायुक्त

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला के मीडिया संस्थानों, प्रतिनिधियों और पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए समाज और राष्ट्र हित में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है। इसी स्तंभ की मजबूती, पत्रकारिता के सम्मान, स्वतंत्रता और सुरक्षा की सुनिश्चितता के लिए पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में प्रेस की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकारों में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और साहसिक पत्रकारिता से ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उपायुक्त ने बताया कि हर साल 3 मई को मनाए जाने वाले विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता को समर्थन देना और पत्रकारों का आने वाली चुनौतियों पर जागरूकता फैलाना है। यह दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1993 में घोषित किया गया था ताकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रोत्साहित किया जा सके। तेजी से बदलते डिजिटल परिदृश्य में, यह दिन हमें सार्वजनिक विश्वास को बढ़ावा देने के लिए विश्वसनीय और स्वतंत्र पत्रकारिता के महत्त्व के बारे में जागरूक बनाता है।


## ध्यानार्थ:

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।



'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता
- फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# बल्लभगढ़ विधानसभा के विकास के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि मंजूर

## विकास को लगेंगे नए आयाम : मूलचंद शर्मा

### विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने जताया सरकार का आभार



समाचार गेट/सुमित गोयल

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ विधानसभा को हरियाणा सरकार ने विकास कार्यों के लिए 20 करोड रुपए की सौगात देते हुए उपरोक्त राशि मंजूरी का पत्र जारी किया है। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा के प्रत्येक वार्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए 20 करोड रुपए की डिमांड सरकार को भेजी थी जिससे सरकार ने मंजूर करते हुए बल्लभगढ़ के विकास को और गति देने का काम किया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लगातार विकास की ऊंचाइयां छू रहा है और बल्लभगढ़ के विकास के लिए भी सरकार ने खजाने का मुंह खोल रखा है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा में सीवर लाइन, आरएमसी सड़कों, पार्क, नाली निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए सरकार ने 20 करोड रुपए की मंजूरी दी है। मंजूरी मिलने के बाद विधायक मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा के भाजपा पार्षदगण और गणमान्य जन के साथ चर्चा की उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रहने दूंगा। बल्लभगढ़ का विकास हरियाणा में नंबर वन पर लाने के लिए वह लगातार कार्य कर रहे हैं और यह विकास कार्य का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। पूर्व केबिनेट मंत्री और विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि जल्द ही मंजूर हुए इस विकास के पैसे से नगर निगम प्रशाशन बल्लबगढ़ में कराए जाने वाले कार्यों को शुरू करेगा। इस मौके पर टीपरचंद शर्मा, पार्षद रवि भगत, पार्षद महेश गोयल, पार्षद सोनू वैष्णव, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, मास्टर जयप्रकाश, महावीर सैनी, बृजलाल शर्मा, पीएल शर्मा, कोशल, पंडित योगेश शर्मा, स्वराज भाटी, जगत भूरा, बुद्धा सैनी, चन्द्रसेन, चंदर जनता कालोनी भी मौजूद रहे।

## नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का मंडी की गंदगी को दूर करने का अभियान जारी

# सीएम आगमन की निगम प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियां लगभग पूरी



समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** रविवार 4 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एनआईटी स्थित डबुआ मंडी फरीदाबाद आ रहे हैं। जिसके लिए निगम प्रशासन ने अपनी तरफ़ से की जा रही तैयारियाँ लगभग पूरी कर दी हैं। बता दे की दो दिन से अचानक हुई बेमौसमी बरसात ने सफ़ाई व्यवस्था को खराब किया था लेकिन निगम प्रशासन इस बरसात के दौरान भी सफ़ाई अभियान में लगा रहा। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के आदेश पर सफाई कर्मचारियों ने पूरे संसाधनों से सफाई अभियान चलाया और आज लगभग सफाई का कार्य पूरा हो गया।

निगम के एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल के नेतृत्व कार्यकारी अभियंता पदम भूषण,एसडीओ सुरेंद्र हुड्डा, एसडीओ अमित चौधरी, एसडीओ खेमचंद सफाई निरीक्षक बिशन तेवतिया की देखरेख में सफाई अभियान चलाया गया जिसमे सी एंड डी वेस्ट,आसपास के सभी नाले की सफाई और अतिक्रमण को हटवाकर व्यवस्था दुरुस्त की गई। गौरतलब है कि फरीदाबाद की डबुआ सब्जी मंडी में यह जन आभार रैली आयोजित की जा रही है। एनआईटी से विधायक सतीश फागना और नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने वीरवार को अधिकारियों के साथ रैली स्थल का निरीक्षण किया था और सफाई के निर्देश दिए थे। उसके बाद से सब्जी मंडी की सफाई शुरू कर दी गई थी। सब्जी मंडी में आसपास के इलाके को भी साफ़ किया गया है। नगर निगम द्वारा हैलीपैड के स्थल के अलावा उसके आस पास भी सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है।

# मोदी और सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों पर: कृष्णपाल गुर्जर



### केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया सेहतपुर पल्ला में सीवरेज और पीने के पानी की लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के राज्य मंत्री राजेश नागर ने शनिवार को सेहतपुर पल्ला में सीवरेज और पीने के पानी की लाइन डालने के कार्य का स्थानीय लोगों के हाथों से नारियल तुड़वाकर शुभारंभ किया।

शुभारंभ कार्यक्रम में फरीदाबाद नगर निगम की मेयर प्रवीण जोशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज पल्ला से सेहतपुर तक सीवर लाइन और पीने के पानी की पाइपलाइन डालने के दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इन विकास कार्यों पर सरकार द्वारा कुल लगभग 5 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

इसमें सीवर लाइन बिछाने पर लगभग 3 करोड़ 14 लाख रुपये तथा पीने के पानी की लाइन डालने पर लगभग 2 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत आएगी। इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ हो और हर घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्दर्शन में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। दोनों ही नेताओं का लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को साकार करते हुए आम जन तक विकास की वास्तविक पहुंच सुनिश्चित करना है। चाहे वह बुनियादी ढांचे का विस्तार हो, स्वास्थ्य सेवाओं का सुधार, शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि हो या ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं का सुदृढ़ीकरणहर क्षेत्र में तीव्र गति से कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचाने का संकल्प लिया है।

पल्ला से सेहतपुर तक सीवर लाइन और पेयजल पाइपलाइन जैसी परियोजनाएं इसी नीति का प्रमाण हैं, जो यह दर्शाती हैं कि सरकार आम जनता की प्राथमिक आवश्यकताओं के प्रति कितनी संवेदनशील और जिम्मेदार है। इन कार्यों से न केवल नागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि उनका जीवन स्तर भी ऊंचा उठेगा। यह समर्पण और कार्यशैली ही है, जिससे आज भारत और हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं और आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को सर्वोपरि मानते हुए निरंतर सक्रिय और प्रतिबद्ध है।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी तथा एचआईवी के बारे मे जानकारी दी



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पंचायती राज संस्थान के सरपंच, पंच प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी तथा HIV के बारे मे जानकारी दी गई। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ हरजिंदर सिंह के नेतृत्व में डी आर टीबी एचआईवी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत ने वहाँ उपस्थित सरपंचों, पंचो को क्षय रोग के लक्षण, जांच व उपचार के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायत के लिए निर्धारित मानक के बारे में बताया और डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर हरजिंदर ने बताया कि सरकार द्वारा निक्षय पोषण योजना के तहत मरीज को प्रतिमाह 1000 मिलते हैं उन्होंने फरीदाबाद वीसीयो से आह्वान किया की वो आगे आए और निक्षय मित्र बने कविता काउंसलर ने HIV / AIDS के लक्षणो, और उसके बचाव के कारणों को बताया कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा की। इस मौके पर बल्लभगढ़ ब्लॉक के सरपंच गण, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ हरजिंदर सिंह, अजब सिंह, अनुराधा, सुभाष गहलोत, करण सिंह साधना, कविता, प्रीति आदि मौजूद रहे।

# वेनि कप 8वं ऑल इंडिया रविंदर फागना अंडर13 क्रिकेट टूर्नामेंट 2025, रविंदर फागना क्रिकेट ग्राउंड भूमि पाली फरीदाबाद पर खेला गया




समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** वेनि कप 8वं ऑल इंडिया रविंदर फागना अंडर13 क्रिकेट टूर्नामेंट 2025, रविंदर फागना क्रिकेट ग्राउंड भूमि पाली फरीदाबाद पर खेला गया और यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी ओर वियान क्रिकेट अकादमी बीच खेला गया। इस मैच में रावल क्रिकेट अकादमी ने वियान क्रिकेट अकादमी को 317 रन से हराया। यह मैच 40 ओवर का था और रावल क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रावल क्रिकेट अकादमी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 343 रन का लक्ष्य दिया। रावल क्रिकेट अकादमी की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए देव भड़ाना ने 86 गेंदों में 19 चौके 1 छक्के की मदद से 131 रन, उमंग चौधरी ओर रियान दुआ ने 5353 रन बनाए। वियान क्रिकेट अकादमी क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए लक्ष्य राजपूत ने 4 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए वियान क्रिकेट अकादमी ने 16.4 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 26 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। वियान क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए साहिल ने 26 गेंदों पर 1 चौके की मदद से 15 रन बनाए। रावल क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए कनिष्क और वीर 22 विकेट, वंश कुमार, अनुज खोला, अरहान खान और आयुष ने 1-1 विकेट लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच देव भड़ाना को घोषित किया गया और फाइटर ऑफ द मैच लक्ष्य राजपूत को घोषित किया गया।

# टेलिग्राम टास्क पूरा करवाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को किया काबू

## लड़की को अगवाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** बस स्टैंड बल्लभगढ़ से लडकी को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सरूरपुर फरीदाबाद की रहने वाली लडकी ने पुलिस थाना शहर बल्लभगढ में शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि वह अपनी सहेली के साथ बस स्टैंड बल्लभगढ़ पर कॉलेज जाने के लिए खडी थी। तभी वहां खडे एक लडकेउनसे पता पुछने के लिए बातों मे उलझाया तभी दुसरा लडका वहां आया और उनका हाथ देख भविष्य देखने की बात कहने लगा जिसके बाद उसने टोटके के लिए लडकियों के हाथ में फुल, पीपल का पता और पत्थर दिया जिसके बाद उसने कहा कि इनको पीपल के पेड पर चढ़ाना है और कहा कि दोनों लड़कियों को उसके साथ चलना होगा। कुछ दूर चलने के बाद आरोपियों ने दोनों लड़कियों के फोन ले लिये व एक लडकी को वापस बस स्टैंड भेज दिया और एक लडकी को बहलाकर अपने साथ सुनसान जगह ले गये। जहां पर उन्होंने लडकी के साथ दुष्कर्म किया। जिस शिकायत पर पुलिस थाना शहर बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया। अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने आरोपी इरसाद निवासी पीर कॉलोनी गांव मवई फरीदाबाद को आईएमटी से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मदारी है तथा उसने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने के प्लान बनाया था। उन्होंने लडकी को बातों में फसाया और जादू टोने के ज्ञान को साबित करने के लिए सोडियम में पानी डालकर आग लगाकर लडकी को विश्वास में लिया और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी से दोनों लड़कियों के फोन व सोडियम बरामद किया गया है तथा पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ में गावं जवां वासी ने एक व्यक्ति ने शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि उसके पास ठगों का मैसेज आया, मैसेज में एक विडियो का लिंक था, जिसमें प्रोडेक्ट की प्राइजिंग करके पैसे कमाने के बारे में बतलाया गया था। शिकायतकर्ता ने लालच में आकर काम करने के हां कर दिया। इसके बाद ठगों ने उसके पास अकांउट खोलने के एक लिंक भेजा जिस पर उसने लॉगइन किया और पहले कुछ टास्क के बदले ठगों ने उसके खाता में 29617/-रू भेजे। जिसके बाद उसे ठगों पर विश्वास हो गया और लालच में आ गया। ठगों ने टास्क के लिए शिकायतकर्ता से विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से 3,72,200/-रू ऐठ लिए और जब उसने अधिक रूपये लगाने से मना किया तो ठगों ने कहा अगर पैसे नहीं लगाये तो वह पैसे नही निकाल पायेगा। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बतलाया कि साइबर थाना बल्लभगढ ने कार्रवाई करते हुए



आरोपी हितेश चंद वासी गाँव उडासर धोरिमाना, बाडमेर को बाडमेर से गिरफ्तार किया गया है। पुछताछ में सामने आया कि आरोपी क्रुरू क्रद्स पास है। वह खातधारक है तथा इसके खाता में ठगी के 56,229/-रू आये थे। उसने आगे तो को अपना खाता दिया था। अधिक पुछताछ के लिए आरोपी को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट
संपर्क करें: 9811153271








# मुंबई से ठाणे के बीच चली थी भारत की पहली रेलगाड़ी

भारत की यातायात में जान फुक देने वाली भारतीय रेल समूचे भारत को आपस में जोड़ कर रखती है.वर्तमान में जम्मू – कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी व गुजरात से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक फैले रेल नेटवर्क से यात्रियों को रेल यातायात की सुविधा मिल जाती है.आज सम्पूर्ण भारत में फैला रेल नेटवर्क सन 1853 में मुंबई से ठाणे के बीच मात्र 34 किलोमीटर का हुआ करता था.यु तो प्रत्येक भारतीय ने अपने जीवन में कभी न कभी रेल के सफर का लुफ्त जरूर उठाया होगा.परंतु बहुत कम ऐसे लोग है जो पहली रेल से जुड़े इतिहास व इसकी प्रग्रति को जानते होंगे.इस लेख के द्वारा आपको भारत में चलाई गई पहली रेल से जुड़े रोचक इतिहास की जानकारी देने जा रहे है.

भारत की पहली रेलगाड़ी से जुड़े रोचक व ज्ञानवर्दक तथ्य

- भारत में रेल निर्माण को लेकर सर्वप्रथम 1844 में रेल संबंधित प्रस्ताव के बारे में चर्चा की गई थी
- लार्ड डलहौजी के 1847 में भारत का गवर्नर जनरल नियुक्त होने के बाद रेल परियोजना में तेजी से काम होने लगा.
- भारत की पहली रेल 16 अप्रैल 1853 को मुंबई से ठाणे के बीच अंग्रेजो द्वारा चलाई गई थीइन दोनों स्टेशन के बीच की दुरी मात्र 34 किलोमीटर थी
- भारत में चलाई गई पहली रेल को 34 किलोमीटर की दुरी तय करने में 1 घंटा 15 मिनट का समय लगा था.
- क्या आप जानते है पहली रेल में कुल 400 यात्रियों ने सफर किया था.और इस रेल में 14 रेल डिब्बों को जोड़ा गया था.
- भारत में चलाई गई पहली रेलगाड़ी में कुल 3 इंजिन को लगाया गया था.जिनका नाम क्रमश : सिंध, मुल्तान व शाहिब था.
- पहली रेल को भांप इंजन के द्वारा चलाया गया था.
- इस रेल का निर्माण करने वाली कंपनी का नाम मध्य रेलवे की ग्रेट इंडियन पेनिनसुलर रेलवे था.
- जिस समय इस ट्रेन को चलाया गया था तब समय 3 बजकर 35 मिनट हो रहे थे.
- वर्तमान में भारतीय रेल नेटवर्क एशिया का दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है व सम्पूर्ण विश्व में भारतीय रेल नेटवर्क को 4 स्थान हासिल है.

# कंगारू में होती हैं गजब की खूबियाँ



**कंगारू जिसे उछलने वाला जानवर के नाम से भी जाना जाता है.और यह ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय पशु है.यह एक स्तनधारी जीव है परंतु यह स्तनधारी जीव होकर भी उन जीवों से बेहद अलग है. क्योंकि यह अपने दो पैरों पर चलता है और चलना भी क्या यह अपने पैरों पर चलकर ना अपितु उछलकर चलता है.जी हा दोस्तों आज का हमारा लेख इसी गजब जानवर से संबधित है.आज हम आपको कंगारू से जुड़े ऐसे रोचक तथ्य बताने जा रहे है जो आपने आज से पहले शायद नहीं पढे होंगे.तो देर ना करते हुए चलिए जानते हैं कंगारु से जुड़े हैरान कर देने वाले महत्वपूर्ण तथ्य**

- क्या आप जानते हैं विश्व में सर्वाधिक मात्रा में कंगारू ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं.यहां पर आपको कंगारू सड़कों पर घूमते मिल जाएंगे.उदाहरण के तौर पर जिस तरह भारत की गलियों में कुत्तों की फौज घूमती है ठीक ऐसे ही ऑस्ट्रेलिया की गली गली में कंगारू घूमते है.
- क्या आप जानते हैं कंगारू एक शाकाहारी जीव होता है और यह आमतौर पर फल, घास इत्यादि खाते हैं.
- विश्व में अब तक कंगारुओं की कुल 4 प्रजातियां खोजी गई हैं. जिन्हे रेड कंगारू , अंतिलोपीन कंगारू, ईस्टर्न ग्रे और वेस्टर्न ग्रे के नाम से जाना जाता है.
- कंगारू जमीन पर उछल कर चलने वाला प्राणी है क्योंकि इसके अगले दो पैर छोटे होते हैं जिसके कारण यह जमीन पर संतुलन नहीं बना पाते और यह अपने पिछले दो पैरों पर कूद–कूद कर आगे बढ़ते हैं.
- आपको जानकर हैरानी होगी कंगारू जमीन पर चलने के साथ–साथ पानी में तैर भी सकते हैं.
- क्या आप जानते हैं कंगारू अपने सर को गुमाये बिना अपने कानों को किसी भी दिशा में घुमा सकते हैं.अर्थार्थ इन्हें अपने कानों को किसी भी दिशा में घुमाने के लिए सिर को घुमाने की जरूरत नहीं होती.
- क्या आप जानते हैं कंगारू का गर्भकाल बेहद छोटा होता है और यह मात्र 30 से 35 दिनों का ही होता है, परंतु इतने छोटे गर्भकाल के कारण कंगारू का बच्चा पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पाता और यह अपनी मां के पेट पर बनी थैली में पहुंच जाता है और यहीं से यह बच्चा पूर्ण रूप से विकसित होना शुरू होता है.
- क्या आप जानते हैं कंगारुओं का एक पांचवा पैर भी होता है. उदाहरण के तौर पर कंगारुओं की पूंछ इतनी शक्तिशाली होती है कि यह सिर्फ अपनी पूंछ पर अपना सारा वजन डाल सकते हैं और यह पूछ इन के पांचवे पैर का काम करती है.
- जब यह 40 से 60 किमी की रफ्तार से जम्प करता है तो इसके पीछे पैर और पूंछ से अपना संतुलन बनाए रखता है। खड़े रहने पर उसकी पूंछ ही उसका सहारा होती है.
- नर कंगारू को बूम, मादा कंगारू को डो और कंगारू के बच्चे को जॉय कहा जाता है.
- क्या आप जानते है इनकी आंखें बहुत तेज होती हैं परंतु ये सिर्फ चलती–फिरती वस्तुओं को ही देख पाते हैं.



# दुनियाभर के युवाओं के बीच लोकप्रिय एनिमे की सफलता का रहस्य क्या है

**आजकल युवाओं में एनिमे का बड़ा क्रेज है। स्कूल-कॉलेजों में बच्चे झुंड बनाकर बस इसी के बारे में चर्चा करते रहते हैं। जो नई एनिमे सबसे पहले देखकर आता है, उसे बाकियों द्वारा 'कूल' समझा जाता है। पिछले कुछ वर्षों में एनिमे ने वैश्विक स्तर पर प्रसिद्धि प्राप्त की है। दिसंबर 2021 में जारी की गई एक रिपोर्ट की माने तो पूरी दुनिया में करीब 50 करोड़ लोग एनिमे देखना पसंद करते है। तो आखिर ये एनिमे है क्या? और इसकी इतनी लोकप्रियता का राज क्या है?**



## एनिमे क्या है?

'एनिमे' शब्द जापान से प्रचलित हुआ है – जिसका मतलब है एनीमेशन। अब आप ये सोचेंगे कि भला युवाओं को कार्टूनों की दुनिया से क्या लेना–देना? लेकिन, इन्हीं कार्टूनों ने युवाओं की मानसिकता पर ऐसा प्रभाव डाला है कि अगर उनके सामने एनिमे को कोई कार्टून कह दे, तो वे बिफर जाते हैं। क्यों कि उनके अनुसार एनिमे, कार्टून सीरीज से अलग है। ये सीरीज अक्सर जापान के लेखकों द्वारा लिखे गए 'मांगा' (लघु उपन्यास) पर आधारित होती है। यूं तो जापानीज एनीमेशन 1920 के दशक से प्रसारित होता आ रहा है, लेकिन कुछ सालों पहले से एनिमे की एक नई श्रेणी प्रचलित हुई है, जिसे 'शोनेन' कहा जाता है। इस तरह के एनिमे सीरीज मुख्य रूप से युवा दर्शकों की रूचि को केंद्र में रखकर बनाए जाते हैं। वेब सीरीज की तरह इनके भी सीजन्स और एपिसोड्स होते हैं, जिन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से देखा जा सकता है। अटैक ऑन टाइटन, फुल मेन्टल अलकेमिस्ट, वन पीस, नारुटो, डेथ नोट, जुजुत्सु काइसन, वन पंच मैन आदि प्रसिद्ध एनिमे की लिस्ट में गिने जाते हैं।

## एनिमे की लोकप्रियता का रहस्य क्या है?

अकेले जापान में ही एनिमे का सालाना कारोबार 19 बिलियन डॉलर (1900 करोड़) का है। इसकी लोकप्रियता के कारण कई सारे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ऐसे भी हैं, जहां पर केवल एनिमे ही उपलब्ध है। 'नारूटो' नामक एनिमे सीरीज के सभी सीजन्स मिलाकर 822 एपिसोड्स हैं ,जिन्हें कई युवाओं द्वारा बिंज वॉचिंग करके कुछ ही महीनों के भीतर देखा जा चुका है। एनिमे सीरीज और किरदारों से जुड़े प्रोडक्ट जैसे टी–शर्ट्स, मास्क्स, स्टिकर्स आदि बेचने वाली कंपनियां भी जमकर मुनाफा कमा रही है। नियमित रूप से एनिमे देखने वालों के लिए अब ये मनोरंजन का प्राथमिक साधन बन गया है। आइए जानते हैं एनिमे की इतनी लोकप्रियता के मुख्य कारण क्या है.–

## विषयों की विविधता

एनिमे की शैलियों की विस्तृत श्रृंखला इनकी लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण है। एनिमे में हर व्यक्ति अपने हिसाब की शैली का आनंद ले सकता है। रोमांस, कॉमेडी, एक्शन, एडवेंचर, मिस्ट्री, सस्पेंस और हॉरर आदि एनीमे प्लॉट्स द्वारा खोजी गई कई शैलियों में से कुछ हैं। तो आप एक अपनी पसंद को ध्यान में रखकर कोई भी दिलचस्प क्षेत्र से शुरू कर सकते हैं। एनिमे सीरीज की कहानी इस तरह से बनाई जाती है कि हर उम्र के दर्शकों को मनोरंजन प्रदान किया जा सके। कहा जा सकता है की एनिमे बॉलीवुड और हॉलीवुड की तरह ही एक इंडस्ट्री है, जिसमें हर तरह के विषयों पर कंटेंट बनाया और परोसा जाता है।

बेहद प्रभावशाली एनीमेशन और किसी को पल भर में मोहित कर लेना ही दृश्य तत्व का मुख्य दायित्व होता है, जिसे एनिमे क्रिएटर्स द्वारा बड़े प्रभावी ढंग से किया जाता है। हर चीज एनिमेटेड होने की वजह से युवाओं को जोड़े रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है। किन्तु,कल्पनाशील अभिव्यक्ति और रचनात्मकता के सहारे हर कहानी को बहुत ही खूबसूरती के साथ प्रदर्शित किया जाता है। रंग और छायांकन के उपयोग से लेकर विस्तृत विवरण और स्पष्टता तक, सब कुछ इतनी सावधानी और सोच–समझकर बनाया जाता है, जिससे आपको ऐसा अनुभव हो कि आप उसी कहानी के एक किरदार है। कई सारे हाई क्वालिटी ग्राफिक्स का इस्तेमाल करके एक्शन, हॉरर सीन्स को इतना बेहतरीन बना दिया जाता है कि दर्शक अपनी जगह से हिल भी न पाए। इस तरह एनिमे देखने वाले लोग कई एपिसोड्स को एक ही बार में देख लिया करते हैं।




## असल जिन्दगी से जुड़े किरदार

वैसे तो एनिमे कार्टून सीरीज ही हैं, लेकिन इसके किरदार रियल लाइफ से काफी हद तक जुड़े होते हैं। ये सिर्फ हंसी–खुशी तक सीमित न रहकर डिप्रेशन, मानसिक दुर्बलता, जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने में कठिनाई आदि कई विषयों पर भी खुलकर बात करते हैं। एनिमे के विषयों और किरदारों को युवा पीढ़ी अपने वास्तविक जीवन से जोड़कर देखने लगी है। एनिमे की सबसे अच्छी बात ये होती है कि इसकी कहानियों में किरदारों को बहुत अच्छी तरह से बना जाता है, जिन्हें देखते देखते दर्शकों को उनसे जुड़ाव महसूस होने लगता है। यही जुड़ाव उन्हें कहानी के अंत तक जाने के लिए प्रेरित भी करता है। कहानी के साथ साथ पात्रों के चरित्र को प्रभावशाली संवादों और विजुअल्स के साथ बखूबी प्रदर्शित किया जाता है। साथ ही हर एनिमे अपने भीतर किसी न किसी जीवन मूल्य को छुपाए होता है। इसमें किरदारों के व्यक्तित्व की उन खूबियों को भी दिखाया जाता है, जिसे टीवी या ओटीटी सीरीज के निर्माता नजरअंदाज कर देते हैं। एनिमे किरदारों के ये सभी गुण मिलकर उन्हें और अधिक वास्तविक रूप प्रदान करते हैं।

विजुअल इफेक्ट्स में चार चांद लगाने का काम एनिमे का पार्श्व संगीत करता है, जो दर्शकों को कहानी और किरदारों से जोड़े रखता है। यह काफी रहस्यमय और लगभग चमत्कारी है कि किस तरह एनिमे का संगीत किसी चीज को भावनाओं की एक शक्तिशाली प्रतिध्वनि में बदल सकता है।

बदलाव को स्वीकारने वाला समुदाय

एनिमे सीरीज की सबसे खास बात ये है कि इसके निर्माताओं के ग्रुप की सोच बहुत ही प्रगतिशील है, जो मनोरंजन के क्षेत्र में दुनियाभर में हो रहे बदलावों को ध्यान में रखकर कंटेंट का निर्माण करता है। यह देखते हुए कि एनिमे रचनात्मकता को संचालित करता है, इसका ग्रुप भी जबरदस्त प्रतिभा और क्षमता से भरा हुआ है। एनीमे सम्मेलन कुशल कलाकारों, संगीतकारों, लेखकों, पोशाक डिजाइनरों, फोटोग्राफरों, वीडियोग्राफरों और अन्य रचनाकारों के लिए महान मंच प्रदान करते हैं जो एनिमे के माध्यम से अपने काम को प्रस्तुत करने की दिशा में कार्य करना चाहते हैं। ग्रुप ने एक यूट्यूब निर्माताओं उप–श्रेणी का उदय भी किया है, जो एनीमे से जुड़ा कंटेंट बनाते हैं।

एनिमे सीरीज की सबसे अच्छी बात ये है की इसमें दर्शक को हर बार एक नया एहसास होता है। भारत के साथ साथ विश्व भर में एनिमे के भविष्य को लेकर अपार संभावनाएं है। एनिमे एक ऐसे विकल्प के रूप में उभर रहा है, जो हो सकता है आगे चलकर दुनियाभर के युवाओं के लिए मनोरंजन का प्राथमिक साधन बनने का माद्दा रखता है।



# लंगड़ा भूत

जिस दिन से नूरांश का सातवीं क्लास का रिजल्ट आया था, उसी दिन से उसने पापा से दादी के गांव ले चलने की रट लगा रखी थी। कहता था, 'इस साल मुझे दादी के गांव ही जाना है बस। हिल स्टेशन पर घूमने भी नहीं जाना।' उसका गांव जाने को लेकर उत्साह देखते हुए उसके मम्मी–पापा ने उससे प्रॉमिस किया कि, 'ठीक है, इन गर्मियों की छुट्टियों में दादी के पास गांव चलेंगे।' मम्मी–पापा से प्रॉमिस लेने के बाद ही नूरांश निश्चिंत। दस दिन बीत जाने के बाद अखिर दादी के घर जाने का समय भी आ गया। नूरांश बहुत खुश था, क्योंकि उसके पापा ने गर्मी की छुट्टियों में दादी और चाचा के पास गांव जाने के लिए टिकट बुक करवा लिए थे। अगले दिन उन्हें गांव जाना था।

अगले दिन नूरांश गांव पहुंच गया। वह बहुत खुश था । उसकी दादी, चाचा, चाची, उसके चचेरे भाई–बहन रेयांश और गुड़हन सब उसे प्यार करते थे और उसके आने से बहुत खुश थे। एक दिन दोपहर का खाना खाने के बाद जब सब सोए हुए थे तो नूरांश को गर्मी की वजह से नींद नहीं आ रही थी। वह चुपचाप अपने कमरे से बाहर दादी के पास बरामदे में आ गया और बोला, 'दादी, मुझे नींद नहीं आ रही है। मेरा मन खेतों की ठंडी हवा में जाने का कर रहा है। क्या मैं खेतों में जाकर आ सकता हूं?' दादी बोली, 'बेटा ! खेत तो यहां से काफी दूर हैं, तुम अकेले कैसे जाओगे? फिर वापस आते–आते अंधेरा भी हो जाएगा और रास्ते में पीपल का पेड़ भी पड़ेगा। लोग कहते हैं कि उस पेड़ पर लंगड़ा भूत रहता है। तुम आज रहने दो, कल चाचा के साथ मोटरसाइकिल से खेतों की तरफ चले जाना।' यह सुनकर नूरांश बोला, 'दादी, मैं पैदल थोड़े ही जाऊंगा। चाचा की साइकिल पर जाऊंगा, मुझे साइकिल चलानी आती है और शाम होने से पहले ही लौट आऊंगा। फिर किस बात का डर? तभी उसके चाचा भी अंदर से उठकर आ गए और कहने लगे, 'मां, उसका मन है तो जाने दो। अब वो आठवीं क्लास में पढ़ता है, छोटा बच्चा नहीं है। जाओ नूरांश, ध्यान से साइकिल चलाना। इसका स्टैंड थोड़ा ढीला है, पर साइकिल ठीक चलती है। और हां, जल्दी आ जाना नहीं तो तुम्हारी दादी यूं ही घबराती रहेंगी।' 'ठीक है चाचू , मैं जल्दी आ जाऊंगा। थैंक्यू दादी, थैंक्यू चाचू। दादी, मम्मी–पापा जब उठ जाएं तो उन्हें भी बता देना।'

इतना कहकर नूरांश साइकिल लेकर खेतों की ओर चला गया। हरे–हरे लहलहाते खेतों को देखकर उसे बहुत अच्छा लगा। मिट्टी की सौंधी–सौंधी खुशबू के बीच टहलते हुए उसे बहुत मजा आ रहा था। कुछ आगे जाने पर उसने खेतों में मोर नाचते हुए भी देखे। वह उन्हें एकटक देखता ही रह गया। तभी उसकी नजर एक पेड़ के नीचे बिछी हुई चारपाई पर पड़ी। उसने सोचा,'अभी तो शाम होने में बहुत समय है, चलो कुछ देर इसी चारपाई पर लेटता हूं।' ऐसा सोचते–सोचते वह चारपाई पर लेट गया। ठंडी–ठंडी हवा चल रही थी। इस बीच उसकी आंख कब लग गई, उसे पता ही नहीं चला। जब उसकी आंख खुली तो अंधेरा हो चुका था।

यह देखकर वह खुद को कोसने लगा कि वह सोया ही क्यों! घर पर सब चिंता कर रहे होंगे, यह ख्याल आते ही वह फटाफट उठा और जल्दी–जल्दी साइकिल चलाने लगा। जल्दी घर पहुंचने के लिए वह तेजी से साइकिल चला रहा था। जैसे ही वह पीपल के पेड़ के पास पहुंचा, अचानक अंधेरे में साइकिल का अगला पहिया एक पत्थर पर चढ़ गया और वह गिर पड़ा। तभी दादी के शब्द उसके कानों में गूंजने लगे कि पीपल के पेड़ पर लंगड़ा भूत रहता है। उसने फटाफट अपनी साइकिल उठाई और घर की तरफ जाने लगा। पर यह क्या? उसके पीछे खरड़–खरड़ और छन–छन जैसी आवाजें आने लगी। उसने सोचा कि हो न हो लंगड़ा भूत ही उसके पीछे आ रहा है। यह बात मन में आते ही उसने साइकिल और तेज चलानी शुरू कर दी। पर यह क्या? वह जितनी तेजी से साइकिल चलाता, छन–छन की आवाज भी उतनी ही तेजी से आने लगती, जैसे कोई उसके पीछे आ रहा हो। डर से उसके हाथ कांपने लगे और वह पूरी तरह पसीने से भीग गया। तभी उसे गांव की लाइटें दिखाई देने लगीं। उसने हिम्मत नहीं हारी और किसी तरह साइकिल चलाता रहा। आवाजें भी लगातार आती रहीं। कुछ देर बाद वह घर पहुंच गया।

घर पहुंचते ही उसने साइकिल एक तरफ फेंकी और चाचा को देखते ही उनसे लिपट गया। बोला,'चाचू, मुझे बचा लो, मेरे पीछे पीपल के पेड़ वाला लंगड़ा भूत आ रहा है। वह मुझे खा जाएगा।' चाचा और पूरा परिवार उसकी ऐसी हालत देखकर हैरान हो गए। सबने उसे पानी पिलाया फिर उसका डर भगाने की कोशिश करने लगे। चाचा बोले,'कोई भूत–वूत नहीं होता है। यह तो हमारे अंदर का डर होता है बस और कुछ नहीं। अच्छा, अगर भूत है तो बताओ वह अंदर क्यों नहीं आया? मुझे पूरी बात बताओ कि आखिर हुआ क्या था?' अब तक नूरांश का डर भी काफी कम हो चुका था। उसने चाचा को बताया कि कैसे उसे खेत में नींद आ जाने पर अंधेरा हो गया था और घर जल्दी पहुंचने के लिए वह साइकिल तेज चलाने लगा। इसके बाद पीपल के पेड़ के पास गिरने और लंगड़े भूत के पीछा करने की आवाजें आने की बात भी उसने चाचा को बताई। इतना सुनते ही चाचा दो मिनट के लिए बाहर गए और साइकिल देखते ही सारा माजरा समझ गए।

उन्होंने नूरांश को अपने पास बुलाया और पूछा,'तुमने अपने स्कूल में पेड़ों के बारे में जरूर पढ़ा होगा। अब जरा बताओ कि पेड़ हमारे दोस्त हैं या दुश्मन?' 'चाचू, दोस्त हैं।' चाचा ने फिर सवाल किया, 'फिर तुमने यह कैसे सोच लिया कि पीपल के पेड़ पर भूत रहता है?' नूरांश बोला, 'वो दादी ने कहा था न, इसलिए मुझे ऐसा लगा।' चाचा ने समझाया, 'बेटा, आपकी दादी गांव में रहती हैं और सुनी–सुनाई बातों पर विश्वास कर लेती हैं, क्योंकि उनके समय में आजकल की तरह शिक्षा के साधन नहीं थे। गांव में स्कूल नहीं होते थे, पर अब ऐसा नहीं है। सब शिक्षित होते जा रहे हैं। शिक्षा से ही हमारा अज्ञान दूर होता है और हम तरक्की करते हैं। जरा सोचो कि जो पेड़ हमें छाया देते हैं, फल–फूल, लकड़ी आदि देते हैं, बंदर और गिलहरी आदि जीवों को शरण देते हैं, घनी छाया देते हैं, धरती की शोभा बढ़ाते हैं, ऐसे दोस्त क्या हमें भूत देंगे?'

'नहीं चाचू, आई एम सॉरी।'

'आओ, अब तुम्हें तुम्हारे लंगड़े भूत से भी मिलवाते हैं। बाहर आओ।' चाचा नूरांश को साइकिल के पास लेकर गए और उससे पूछा,'जब तुम खेतों में साइकिल लेकर जा रहे थे तो याद है मैंने तुमसे कुछ कहा था।'

'आपने कहा था कि साइकिल का स्टैंड थोड़ा ढीला है, ध्यान से चलाना।'

'हां, बिल्कुल ठीक। तो यह देखो! हुआ यह कि जब तुमसे साइकिल गिरी तो उसका स्टैंड ढीला होने की वजह से एक साइड से निकल गया और जमीन से टकराने लगा। तुम साइकिल चला रहे थे तो वह जमीन से बार–बार टकराकर आवाज कर रहा होगा। तुमने साइकिल चलाने की स्पीड बढ़ाई होगी तो जरूर उसकी आवाज और तेज हो गई होगी। और तुम समझते रहे कि कोई लंगड़ा भूत तुम्हारा पीछा कर रहा है। अब तो सारा माजरा समझ गए न।' 'सब समझ में आ गया चाचू। अब मैं हर काम सोच–समझकर करूंगा और अंधविश्वास से हमेशा दूर रहूंगा। दादी आप भी कभी सुनी–सुनाई बातों पर विश्वास मत कीजिएगा और अगर आप ऐसा करेंगी तो लंगड़े भूत को आपके पीछे लगा दूंगा।' नूरांश के ऐसा कहते ही सब खिलखिलाकर हंस दिए।



## बफे ने खोला डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मोर्चा

### - व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता

ओहामा। अमेरिका और विश्व के बड़े कारोबारी वारेन बफे ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने ट्रंप को चेतावनी देते हुए कहा है व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। बफे बर्कशायर हेथवे में अपनी कंपनी के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ट्रम्प सरकार द्वारा लगाए गए टैरिफ की आलोचना की। टैरिफ के कारण सारी दुनिया में अफरा तफरी का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा अमेरिका की यह सबसे बड़ी गलती है। दुनिया में 750 करोड़ लोग रहते हैं। अमेरिका की आबादी मात्र 33 करोड़ है। बफे ने ट्रंप पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा, 250 साल पहले अमेरिका का निर्माण जीरो से शुरू हुआ था। आज हम दुनिया के शीर्ष देशों में हैं। 250 सालों में ऐसा कभी नहीं हुआ। उन्होंने यह भी याद दिलाया, याद रखें अमेरिका की 333 मिलियन आबादी है। जो दुनिया की आबादी के मुकाबले बहुत कम है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे पास मध्य और उच्च वर्ग के अधिक लोग हैं। दुनिया के देशों में निम्न वर्ग के लोग कहीं ज्यादा हैं।

**विविधता से होता है विकास**

वारेन बफे ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आब्रजन नीति की आलोचना करते हुए कहा, विविधता के कारण ही सामाजिक विकास संभव है। उन्होंने कहा कि मैं कनाडा में पैदा हुआ। हमारी कंपनी के उपाध्यक्ष भारत में पैदा हुए हैं। हमारी कंपनी में विविधता पूर्ण समूह काम करता है। बफे ने अपने भाषण में दो बार बर्कशायर के नेतृत्व की विविधता का उल्लेख करते हुए, कंपनी की सफलता से जोड़कर बताया।

## जापान–चीन के बीच एयरस्पेस विवाद गहराया, पूर्वी चीन सागर में सेनकाकु द्वीपों को लेकर तनाव

बीजिंग। पूर्वी चीन सागर में स्थित सेनकाकु द्वीपों को लेकर जापान और चीन के बीच तनाव फिर बढ़ गया है। दोनों देशों ने एक–दूसरे पर हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) के उल्लंघन का आरोप लगाया है। यह इलाका लंबे समय से दोनों देशों के बीच विवाद का विषय बना हुआ है। जापान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चीन के चार कोस्ट गार्ड जहाज जापानी जल क्षेत्र के पास देखे गए। इनमें से एक जहाज पर मौजूद हेलिकॉप्टर ने जापानी हवाई क्षेत्र में करीब 15 मिनट तक उड़ान भरी। जापान ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए चीन से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। वहीं, चीन ने भी पलटवार करते हुए जापान पर आरोप लगाया है कि उसके विमान चीनी समुद्री क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। चीनी विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि सेनकाकु द्वीप (जिसे चीन दियाओयू द्वीप कहता है) पर उनका संप्रभु अधिकार है और चीनी जहाज व विमान वहां अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। सेनकाकु द्वीप समूह रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और इसके आसपास ऊर्जा संसाधनों की मौजूदगी का भी दावा किया जाता है। यह विवाद पिछले कई वर्षों से जापान–चीन संबंधों में तनाव का प्रमुख कारण बना हुआ है। वर्तमान घटना के बाद दोनों देशों की सेनाओं की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जापान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मसले पर समर्थन की भी उम्मीद जताई है।

## पाकिस्तान में पुलिस वैन पर हमला, 5 जवान अगवा, 10 कैदी हुए फरार

क्वेटा। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक पुलिस वैन पर हमला कर पांच पुलिसकर्मियों को अगवा कर लिया। हमलावरों ने वैन में सवार 10 कैदियों को भी रिहा कर साथ ले गए, जिनमें दो गंभीर अपराधों में सजा पाए दोषी शामिल थे। यह घटना क्वेटा–कराची राजमार्ग पर हुई, जब पुलिस वैन मदानी जेल से क्वेटा के लिए कैदियों को लेकर जा रही थी। हमलावरों ने वैन को बीच रास्ते में रोककर इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया और पहाड़ी इलाकों की ओर भाग निकले। रिहा किए गए कैदियों में से एक को मौत की सजा और दूसरे को उम्रकैद की सजा मिली थी। दोनों पर अपनी पत्नी की हत्या का आरोप था। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने मोंगूचर और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, अब तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बलूचिस्तान लंबे समय से उग्रवाद और आतंकी गतिविधियों से जुड़ा रहा है, जहां सुरक्षा बलों पर अक्सर हमले होते रहते हैं।

## बांग्लादेश में महिला सुधार आयोग के विरोध में हिफाजत–ए–इस्लाम की रैली

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में कट्टरपंथी इस्लामी संगठन हिफाजत–ए–इस्लाम के नेतृत्व में हजारों लोगों ने शनिवार को महिला सुधार आयोग के विरोध में विशाल रैली निकाली। रैली में शामिल करीब 20 हजार प्रदर्शनकारियों ने आयोग को इस्लामी आस्था के विरुद्ध बताया और इसे तुरंत भंग करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों के हाथों में बैनर थे, जिन पर लिखा था- हमारी महिलाओं पर पश्चिमी कानून न थोपो, और बांग्लादेश जागो। संगठन के वरिष्ठ नेता मामुनुल हक ने रैली में आयोग के सदस्यों के खिलाफ सजा की मांग करते हुए कहा कि इन सुधारों से देश की बहुसंख्यक आबादी की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। महिला मदरसे के शिक्षक मोहम्मद शिहाब उद्दीन ने कहा कि पुरुष और महिला समान नहीं हो सकते। कुरान में उनके जीवन के लिए अलग–अलग दिशा–निर्देश दिए गए हैं, जिनका पालन सभी को करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि यूनुस सरकार ने हाल ही में बढ़ते महिला अपराधों के मद्देनजर महिला सुधार आयोग का गठन किया है।

# हूती के हमले से इजराइल में हड़कंप, एअर इंडिया फ्लाइट अबूधाबी डायवर्ट, 6 मई तक उड़ानें रद्द

**तेल अवीव, (एजेंसी)।** इजराइल के बेन गुरियन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार सुबह यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। इस घटना के चलते दिल्ली से तेल अवीव जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एद्व139 को अबूधाबी डायवर्ट करना पड़ा। विमान में करीब 300 यात्री सवार थे। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि फ्लाइट ने सुरक्षित लैंडिंग की है और यात्रियों को जल्द दिल्ली लौटाया जाएगा।

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट से प्राप्त हुई जानकारी अनुसार, हमला उस समय हुआ जब विमान जॉर्डन के हवाई क्षेत्र में था और तेल अवीव में लैंडिंग में महज एक घंटा बाकी था। सुरक्षा के लिहाज से फ्लाइट को अबूधाबी मोड़ दिया गया।



**एअर इंडिया ने उड़ानें कीं रद्द**

एअर इंडिया ने 6 मई 2025 तक की सभी तेल अवीव उड़ानें स्थगित कर दी हैं। एयरलाइन ने इस दौरान टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को एक बार टिकट बदलने या पूरा पैसा वापस पाने का विकल्प दिया है।

**हमले में 8 घायल, एक की हालत गंभीर**

हूती हमले में मिसाइल एयरपोर्ट परिसर की एक सड़क और वाहन से टकराई, जिससे 8 लोग घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर है। इजराइली सेना ने स्वीकार किया है कि डिफेंस सिस्टम इस मिसाइल को रोकने में असफल रहा।

**हूती का दावा**

हूती प्रवक्ता याह्या सारी ने दावा किया कि हमले में 'फिलिस्तीन-2 हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल' का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि यह हमला गाजा में इजराइली सैन्य अभियानों और नाकाबंदी के विरोध में किया गया है। इजराइली सेना ने हाइपरसोनिक मिसाइल के दावे को खारिज कर जांच शुरू कर दी है।

**नेतन्याहू ने बुलाई इमरजेंसी बैठक**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आपातकालीन बैठक बुलाई है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज़ ने कहा, जो भी हमें नुकसान पहुंचाएगा, हम उसे सात गुना जवाब देंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि हूती विद्रोहियों का अंजाम भी हमास और हिजबुल्लाह जैसा होगा।

## पाकिस्तान में राष्ट्रपति ने आधी रात को संसद के आपात सत्र की कर दी घोषणा : जंग की आशंका के बीच बढ़ा तनाव

इस्लामाबाद। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। इसी क्रम में पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शनिवार देर रात बड़ा कदम उठाते हुए संसद का आपातकालीन सत्र बुलाने की घोषणा की है। यह सत्र सोमवार, 5 मई 2025 को शाम 5 बजे इस्लामाबाद स्थित संसद भवन में होगा। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54 की धारा (1) के तहत लिया गया है। इस विशेष सत्र में भारत के साथ बिगड़ते राजनयिक संबंधों पर विशेष चर्चा की जाएगी, जिसमें भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित किए जाने का मुद्दा प्रमुख रहेगा। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान सरकार ने इस सत्र में भारत के खिलाफ एक कड़े निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी की है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जबकि भारत ने पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान पर आतंकवाद को समर्थन देने का सीधा आरोप लगाया है। इस आतंकी हमले में 25 पर्यटकों समेत 26 लोग मारे गए थे। हमले के पीछे पाकिस्तान से आए दो आतंकियों का हाथ बताया जा रहा है। भारत सरकार ने इस हमले को सीधा युद्ध जैसा कृत्य करार दिया है और इसके गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी है। भारत की प्रतिक्रिया के बाद से पाकिस्तान में राजनीतिक और सैन्य हलकों में खलबली मची हुई है।



## ट्रंप की पोप वाली तस्वीर से कैथलिक समुदाय हुआ नाराज



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एआई की मदद से तैयार की गई अपनी तस्वीर साझा कर विवाद खड़ा कर दिया है, जिसमें वह पोप की पोशाक पहने नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर ऐसे समय सामने आई है जब हाल ही में पोप फ्रांसिस के निधन के बाद वेटिकन में शोक चल रहा है और उनके उत्तराधिकारी के चयन के लिए सम्मेलन होने वाला है। ट्रंप की इस तस्वीर की कैथलिक बिशप का प्रतिनिधित्व करने वाले अमेरिका के एक समूह और इटली के नेताओं समेत कई लोगों ने आलोचना की है।

यह तस्वीर शुक्रवार रात ट्रंप के सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल पर शेयर की गई और बाद में व्हाइट हाउस ने भी एक्स पर इसे साझा किया। वेटिकन और सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इस तस्वीर पर आपत्ति जताई है। बता दें पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को निधन हो गया था इसके बाद से वेटिकन नौ दिन का शोक है।

पोप का निधन और उनके उत्तराधिकारी का चयन कैथलिक समुदाय के लिए अत्यंत अहम है। वे पोप को धरती पर ईसा मसीह का प्रतिनिधि मानते हैं। विशेष रूप से इटली में यह पद सम्मानीय माना जाता है। एआई द्वारा तैयार की गई इस तस्वीर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पोप की वेशभूषा में कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं। कई संस्थानों ने ट्रंप की इस तस्वीर की निंदा की है। इटली के पूर्व पीएम और वामपंथी नेता मट्टेयो रेंजी ने कहा कि यह तस्वीर शर्मनाक है। यह तस्वीर पोप में आस्था रखने वालों को अपमानित करती है और दिखाती है कि दक्षिणपंथी दुनिया के नेता को किसी का मजाना उड़ाना अच्छा लगता है।

वेटिकन के प्रवक्ता ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। अमेरिका में बिशपों का प्रतिनिधित्व करने वाले 'न्यूयॉर्क स्टेट कैथोलिक कॉन्क्लेव ने ट्रंप पर पोप का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया है।

# पहलगाम पर पाकिस्तान बोला- निष्पक्ष जांच हो, यूएनएससी में भी मामला उठाने की हो रही बात

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। हमले में दो दर्जन से ज्यादा लोगों की जान जाने के बाद भारत के कड़े रुख के संकेत मिले, जिससे पाकिस्तान में भी राजनीतिक और सैन्य हलचल मची हुई है। भारत की संभावित जवाबी कार्रवाई के बीच पाकिस्तान अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मामले को ले जाने और सहानुभूति जुटाने की कोशिश कर रहा है।

इसी कड़ी में पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा था, कि वह सुरक्षा परिषद में इस मामले को उठाने का अधिकार रखता है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार अहमद ने कहा कि पाकिस्तान क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर नजर रखे हुए है और यदि जरूरी हुआ तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने का अधिकार उसके पास सुरक्षित है। यह बात असीम ने एक संवाददाता सम्मेलन में कही थी और बताया था कि यह स्पष्ट है कि पहलगाम में एक गंभीर घटना घटी है, लेकिन अब जो स्थिति बनी है, वह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए खतरा बन सकती है। परिषद के किसी भी सदस्य के लिए इस विषय पर चर्चा की मांग करना पूरी तरह से उचित होगा।

इसके साथ ही पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले की किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी लेने से साफ इनकार कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ भारत में सुरक्षा एजेंसियों को इस हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों के शॉमिल होने के स्पष्ट संकेत मिले हैं। ऐसे में पाकिस्तान द्वारा तीसरे पक्ष से 'निष्पक्ष जांच' की मांग को भारत छलावा मान सकता है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान जुलाई 2025 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करेगा। ऐसे में वह इस मंच का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय समर्थन हासिल करने और भारत पर दबाव बनाने के लिए करना चाहता है। इस बीच, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस पुराने बयान को लेकर भी सवाल उठे हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान तीन दशक तक अमेरिका और पश्चिम के लिए गंदा काम करता रहा है। जब इस बारे में सवाल किया गया तो पाकिस्तानी प्रतिनिधि असीम इफ्तिखार ने टिप्पणी करने से परहेज किया। मतलब साफ है कि पाकिस्तान चाहता है कि पहलगाम जैसे मामले अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठाए जाएं ताकि वह भारत पर दबाव बनाने में सफल हो सके। विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान की यह रणनीति उसकी रक्षात्मक मुद्रा और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी छवि सुधारने की कोशिश को दर्शाती है।



## पाकिस्तानी सांसद बोले– पीएम मोदी मेरी खाला के बेटे नहीं, जो मेरा कहना मान जाएंगे

इस्लामाबाद। भारत की ताकत और युद्ध की तैयारियों को देखकर पाकिस्तान डरा हुआ है और वहां के नेता भागने की फिराक में हैं। पाकिस्तानी सांसद शेर अफजल खान मारवत ने साफ कह दिया कि हम तो इंग्लैंड चले जाएंगे। जब उनसे पूछा गया कि पाकिस्तानी सरकार पीएम नरेंद्र मोदी से बात करके रास्ता निकाल ले। इस पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी मेरी खाला के बेटे नहीं हैं जो हमारे कहने पर शांत हो जाएंगे। बता दें कि भारत ने हाल ही में पाकिस्तान से होने वाले सभी आयात पर प्रतिबंध, पाकिस्तान के स्वामित्व वाले जहाजों के भारतीय बंदरगाहों पर डॉकिंग पर रोक और देश में पाकिस्तानी डाक और पार्सलों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की आशंकाएं गहराती जा रही हैं। इस बीच पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सदस्य शेर अफजल खान मारवत के एक बयान ने सोशल मीडिया पर तूफान खड़ा कर दिया है। एक रिपोर्टर ने उनसे पूछा कि यदि भारत–पाकिस्तान के बीच युद्ध छिड़ जाए तो वे क्या करेंगे। मारवत ने बड़ी सहजता से जवाब दिया, अगर युद्ध बढ़ा तो मैं इंग्लैंड चला जाऊंगा। यह बयान कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोगों ने पाकिस्तान की राजनीति पर तंज कसते हुए कहा कि जब नेताओं को अपनी सेना पर भरोसा नहीं है, तो आम जनता क्या उम्मीद करे? एक रिपोर्टर ने उनसे पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तनाव कम करने के लिए संयम बरतना चाहिए तो मारवत ने व्यंग्यपूर्ण अंदाज़ में कहा, मोदी क्या मेरा खाला का बेटा है जो मेरे कहने से पीछे हट जाएगा? शेर अफजल खान मारवत पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ़ से जुड़े रहे हैं, लेकिन हाल के समय में उन्होंने पार्टी और नेतृत्व की आलोचना की। इससे नाराज होकर इमरान खान ने उन्हें पार्टी के कई अहम पदों से हटा दिया था। बता दें कि शनिवार रात पाकिस्तान की सेना ने जम्मू–कश्मीर के कई क्षेत्रों जिनमें कुपवाड़ा, बारामुला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर शामिल हैं, में छोटे हथियारों से फायरिंग कर संघर्षविराम का उल्लंघन किया। यह लगातार दसवीं रात है जब सीमा पर पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी की गई।

# रूस की विक्ट्री डे परेड पर बोले जेलेंस्की, यहां सुरक्षा की गारंटी नहीं

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने रूस द्वारा दिए गए तीन दिवसीय सीजफायर के प्रस्ताव को मजाक बताते हुए अस्वीकार कर दिया था। अब उन्होंने रूस की विक्ट्री डे परेड में आने वाले विदेशी मेहमानों को चेतावनी देते हुए कहा है कि मैं किसी की सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता। परेड में आने वाले मेहमानों को जान का खतरा हो सकता है। स्थानीय खबरों के मुताबिक इस मामले में जेलेंस्की ने कहा, रूस से क्षेत्र में आने वाले दिनों में जो कुछ भी होता है उसके जिम्मेदार हम नहीं हैं। वह आपको सुरक्षा देते हैं इसलिए हम इस मामले में किसी को कोई गारंटी नहीं दे सकते। कीव 3 नहीं। 30 दिन के सीजफायर के पक्ष में रहा है। पुतिन द्वारा नाजी जर्मनी के ऊपर जीत के उपलक्ष्य में तीन दिन का युद्ध विराम का प्रस्ताव देना एक मजाक। या एक धोखा देने की चाल के अलावा कुछ नहीं था।

ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि सर्बिया के राष्ट्रपति वुसिक और स्लोवाकिया के पीएम फिको, यूरोपियन यूनियन के आदेश की अवहेलना करके रूस जाने वाले थे वे दोनों बीमार हो गए हैं। जेलेंस्की के बयान पर पलटवार करते हुए रूस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि कोई भी जेलेंस्की की गारंटी के पक्ष में न हीं है।। लेकिन अगर उनके उकसावे के चलते यूक्रेन की तरफ से कोई कार्रवाई की गई तो फिर कीव में 10 मई की सुबह की गारंटी कोई नहीं दे सकता।



बता दें दूसरे विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर अपने जीत के 80 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में रूस में विक्ट्री डे परेड का आयोजन होना है। इसका मुख्य कार्यक्रम मॉस्को रेड स्क्वायर पर होगा। भारत की तरफ से इसमें पीएम मोदी को शामिल होने का न्यौता मिला था लेकिन उनकी जगह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जाने की बात सामने आई थी लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि रक्षा मंत्री भी इसमें शामिल नहीं होंगे, उनकी जगह किसी जूनियर मंत्री को भेजा जाएगा। भारत के अलावा इस आयोजन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, बेलारूस, सर्बिया और वेनेजुएला के राष्ट्रपति और इसके अलावा स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको सहित 20 से अधिक देशों के नेता के शामिल होने की संभावना है। बकौल जैलेंस्की, बिना शर्त युद्ध विराम का प्रस्ताव अमेरिका द्वारा प्रस्तावित योजना का हिस्सा है और हम इसका ही पालन कर हैं। हम चाहते हैं कि युद्ध विराम हो लेकिन तीन नहीं बल्कि 30 दिन के लिए। आइए हम 30 दिन के युद्ध विराम का प्रयास करते हैं। जेलेंस्की से जब पूछा गया कि आखिर तीन दिनों ही क्यों।। इस पर जेलेंस्की ने जवाब दिया कि 30 दिन इसलिए क्योंकि तीन, पांच या सात दिनों में से किसी भी सीजफायर पर सहमति देने संभव नहीं है।

## आजादी से आज तक कोई दूसरी पार्टी सिंगापुर में नहीं बना पाई सरकार

**सिंगापुर (एजेंसी)।** सिंगापुर में एक बार फिर पीपुल्स एक्शन पार्टी यानी पीएपी को एक बार फिर चुनाव में प्रचंड जीत मिली है।1965 में आजादी से आज तक यहां कोई दूसरी पार्टी पाई सरकार नहीं बना पाई। प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की पीपुल्स एक्शन पार्टी ने शनिवार को सिंगापुर के आम चुनाव में 97 संसदीय सीटों में से 87 सीटें हासिल कर भारी जीत दर्ज की। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। अमेरिकी व्यापार शुल्कों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में उत्पन्न अनिश्चितताओं के बीच वोंग और पीएपी को आम चुनाव से नया जनादेश मिला है। इसके अलावा गौर करने वाली बात यह है कि 1965 में सिंगापुर को आजादी मिलने के बाद आज तक कोई दूसरी पार्टी सत्ता पर काबिज ही नहीं हो पाई। पीएपी सिंगापुर की सबसे पुरानी पार्टी है।

सिंगापुर में 1948 में हुए पहले आम चुनाव के बाद से यह 19वां आम चुनाव था। द्वीपीय देश को 1965 में आजादी मिली थी और तब से यह 14वां आम चुनाव था। वोंग (52) ने पिछले साल मई में नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने यह पद ली सीन लूंग द्वारा लगभग दो दशक के बाद प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद ग्रहण किया। खबर के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे सिंगापुर में मतदान आधिकारिक रूप से बंद हो गया। इसी के साथ देश के 14वें आम चुनाव में 12 घंटे तक चला मतदान संपन्न हो गया। चुनाव को प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की पहली अहम परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है, जिन्होंने पिछले वर्ष पदभार ग्रहण किया था। वह पीएपी का नेतृत्व कर रहे हैं, जो स्वतंत्रता के बाद से सिंगापुर पर शासन कर रही है। यहां के निर्वाचन विभाग (ईएलडी) ने बताया कि सिंगापुर के मतदाताओं ने देश की भावी राजनीतिक तस्वीर तय करने के लिए 1,240 मतदान केंद्रों पर 97 संसदीय सीटों में से 92 के लिए मतदान किया। देश में 27,58,846 पंजीकृत मतदाता हैं। मार्सिलिंग-यू टी ग्रुप रिप्रेजेंटेशन कांस्टिट्यूएंसी (जीआरसी) के नतीजे घोषित होने के बाद वोंग ने कहा कि यह उनका पहला और ःविनम्र अनुभवः था। उन्होंने मतदाताओं के लिए कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया। वोंग (52) ने कहा, हम आपके मजबूत जनादेश के लिए आभारी हैं तथा...आप सभी के लिए और भी अधिक मेहनत करके आपके द्वारा हमें दिए गए विश्वास का सम्मान करेंगे।



# ट्रंप के टैरिफ की मार, चीन में हाहाकार, कारखाने बंद मजदूरों को वेतन के लाले पड़े



**बीजिंग (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से चीन में हाहाकार मचना शुरु हो गया है। यहां कई कारखाने बंद हो गए हैं और मजदूरों को वेतन के लाले पड़े हुए हैं। रेडियो फ्री एशिया (आरएफए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने चीन से आने वाले सामान पर भारी टैक्स लगाया है। इससे चीन की अर्थव्यवस्था धीमी हो गई है। लाखों लोग इससे प्रभावित हैं और उनमें असंतोष बढ़ रहा है। चीन की फैक्ट्रियों में बहुत हंगामा हो रहा है। लोग परेशान हैं और विरोध कर रहे हैं। हुनान प्रांत के दाओ काउंटी से लेकर सिचुआन के सुईनिंग शहर और इनर मंगोलिया के टोंगलियाओ शहर तक, कई परेशान मजदूर सड़कों पर उतर आए हैं। वे अपनी बकाया सैलरी की मांग कर रहे हैं। साथ ही वे उन फैक्ट्रियों में हो रही गलत छंटनी का विरोध कर रहे हैं जो अमेरिकी टैक्स की वजह से बंद हो गई हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, मजदूरों का कहना है कि सिचुआन की एक कंपनी ने उन्हें इस साल की शुरुआत से वेतन नहीं दिया है। यह कंपनी फ्लेक्सिबल सर्किट बोर्ड बनाती है। कंपनी ने जून 2023 से लगभग दो साल तक सामाजिक सुरक्षा लाभ भी नहीं दिए हैं। अमेरिकन इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स के विशेषज्ञों का अनुमान है कि चीन में कम से कम 1.6 करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। ऐसा ट्रंप द्वारा चीनी सामान पर 145 प्रतिशत टैक्स लगाने की वजह से हुआ है। उनका कहना है कि ज्यादा टैरिफ का चीनी अर्थव्यवस्था पर काफी असर पड़ेगा। आर्थिक विकास धीमा होने से श्रम बाजार पर और दबाव पड़ेगा। खासकर निर्यात करने वाले उद्योगों में ज्यादा परेशानी होगी। इस हफ्ते की शुरुआत में, शानक्सी प्रांत के शीआन प्रान्त के तुआनजी गांव में एक दर्जन से ज्यादा प्रवासी मजदूरों ने एक स्थानीय प्रोजेक्ट ऑफिस में अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उन्हें फरवरी 2025 से वेतन नहीं मिला है। 24 अप्रैल को, दाओ काउंटी में गुआंग्जिन स्पोर्ट्स गुड्स के सैकड़ों कर्मचारियों ने हड़ताल की। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कंपनी की फैक्ट्री बिना किसी मुआवजे या सामाजिक सुरक्षा लाभ दिए बंद हो गई। आरएफए की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। फैक्ट्री के मजदूरों का आरोप है कि गुआंग्जिन स्पोर्ट्स ने सितंबर 2024 में 50 साल से ज्यादा उम्र की 100 से ज्यादा महिला कर्मचारियों को गलत तरीके से निकाल दिया।

